उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 07.03.2023

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

जनपद महोबा पुलिस द्वारा होली पर्व एवं शब-ए-बारात पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व/निर्देशन में जनपद महोबा में होली एवं शब-ए-बारात पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने व जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गयी हैं, जनपद महोबा में कुल 568 स्थलों में होलिका दहन किया जाना है, सभी होलिका दहन स्थलों का उच्चाधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर लिया गया है, जनपद स्तर पर व थाना स्तर पर पीस कमेटी की बैठक कर सभी से पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस/प्रशासन को सहयोग प्रदान किये जाने की अपील की गयी है।

जनपद महोबा में सुरक्षा व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के लिये पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व/निर्देशन पर सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद को कुल 03 जोन व 10 सेक्टर में विभाजित किया गया है जिसमें पर्याप्त पुलिस व्यवस्थापन किया गया है, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक, 04क्षेत्राधिकारी, 26निरीक्षक, 130उपनिरीक्षक, 213मुख्यआरक्षी, 559आरक्षी, 125महिला आरक्षियों की ड्यूटियां विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों में लगायी गयी हैं साथ ही सभी जोन में 1.5/1.5 सेक्शन पीएसी बल भी तैनात की गयी है, इसके अतिरिक्त विभिन्न परिस्थितियों के लिये **02-Quick response team (QRT)** गठित की गयी है जो एलर्ट मोड में रहेंगी साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को रिजर्व के रुप में भी रखा गया है, होली के दौरान अग्नि सुरक्षा से बचाव हेतु प्रत्येक जोन (मुख्यालय महोबा, चरखारी, कुलपहाड़) में उच्च क्षमता वाले फायर टेण्डर को एलर्ट मोड में रखा जायेगा।

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपद में अशांति फैलाने वालों को चिन्हित किया गया है जिसके तहत कुल 1572 व्यक्तियों के विरुद्ध शांतिभंग के तहत 107/116**Crpc** की कार्यवाही की गयी है।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा सभी सम्मानित जनपदवासियों से अपील की गयी है कि पुलिस/प्रशासन द्वारा बनायी गयी व्यवस्था का पालन करें व यातायात नियमों का पालन करते हुये पुलिस को अपना सहयोग प्रदान करें व सुरक्षित रहें।

पुलिस फोर्स के अलावा जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की व्यवस्था की गई है. इसके अलावा सर्विलेंस के साथ-साथ महत्वपूर्ण स्थलो में सादे वस्त्रों में पुलिस बल की तैनाती की गयी है जिसके जरिए हर तरफ अराजकता फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जायेगी, पुलिस थाना स्तर पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ बैठक की गई है. इसमें एकरूपता लाने की कोशिश की गई है. पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाये, शराब पीकर गाड़ी चलाने पर भारी चालान किया जाएगा और शांति भंग की धारा **151** की कार्यवाही भी होगी, ट्रैफिक और सिविल पुलिस को उपकरणों के साथ सड़क पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता ने कहा कि अगर किसी ने त्यौहारों पर अराजकता फैलाने की कोशिश की तो कड़ी कार्रवाई होगी कहीं ऐसा न हो कि आपकी होली थाने में ही बीते, जनपद में **07** मार्च को होलिका दहन होना है**,** शब ए बारात के लिए पर्याप्त इंतजाम कर लिए गए हैं. ट्रबल प्वाइंट**,** हाइपर सेंसिटिव एरिया को चिन्हित करते हुए बैठक कर ली गई है. जो कानून को हाथ में लेगा उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 07.03.2023

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना खरेला पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में होली/शब-ए-बारात त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था को अक्षुण बनाये रखने हेतु जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी/सघन चेकिंग अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 07.03.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के.गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में थाना खरेला थानाध्यक्ष श्री यज्ञनारायण भार्गव द्वारा उ0नि0 अजीत नारायण त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया, गठित पुलिस टीम ने अभियान के तहत एक नफर वारण्टी अभियुक्त **1**. काजू उर्फ शकील पुत्र अजीत नाजा उम्र 38 वर्ष, केश न0 **61/19** धारा **3/25** आर्म्स एक्ट सम्बन्धित माननीय सिविल जज जू0डि0 जेएम कोर्ट चरखारी से निर्गत वारण्ट के क्रम में वारण्टी अभियुक्त उपरोक्त को थानाक्षेत्र अन्तर्गत मोहल्ला मानिक पुरा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया बाद आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मां. न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 अजीतनारायण त्रिपाठी
2. का0 चन्दन सिंह 3.का0 मिथलेश त्रिपाठी

गिरफ्तार अभियुक्त –

काजू उर्फ शकील पुत्र अजीत नाजा उम्र 38 वर्ष नि0 मु0 मानिक कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 07.03.2023

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने अवैध तमंचा/कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने, जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 07.03.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 सत्यपाल सिंह द्वारा चेकिंग संदिग्ध/व्यक्ति के दौरान 01 नफर अभियुक्त मोहित उर्फ सोहन पुत्र कालीचरन उर्फ कल्लू उम्र 22 वर्ष के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0- 89/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

अभियुक्त मोहित उर्फ सोहन पुत्र कालीचरन उर्फ कल्लू उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कालीपहाड़ी थाना कोतवाली नगर महोबा

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.उ0नि0 सत्यपाल सिंह थाना कोतवाली नगर महोबा
2. कां0 शिवबाबू थाना कोतवाली नगर महोबा

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 07.03.2023

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

जनपदीय पुलिस बल द्वारा होली एवं शब-ए-बारात पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक **07.03.2023** को जिलाधिकारी श्री मनोज कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से एंव अपर पुलिस अधीक्षक महोबा आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत होलिका दहन के संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी तथा स्थानीय लोगों से वार्ता कर आपसी सौहार्द बनाए रखनें, अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने तथा व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनको अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने व अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए व यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर वाहनों के **54** ई-चालान किये गये।

@mahobapolice   SP Mahoba @mahobapolice   7839857330